प्रयागराज, वाराणसी व गोरखपुर समेत पांच शहरों में खुलेगी लाइट मेट्रो की राह

लखनऊ। केंद्रीय बजट में यूपी में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए 3123 लाख करोड़ रुपये दिए जाने का प्रावधान किए जाने से लखनऊ के दूसरे चरण की परियोजना को गति मिलेगी। इसके साथ ही प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी, और मेरठ में लाइट मेट्रो रेल चलाने की राह खुलेगी। हालांकि बजट में मिली राशि का अधिकांश हिस्सा कानपुर और आगरा में पहले से संचालित मेट्रो परियोजनाओं पर खर्च होगा, लेकिन कुछ राशि लखनऊ के दूसरे चरण की परियोजना के साथ ही प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी, और मेरठ के लिए प्रस्तावित लाइट मेट्रो परियोजना के प्रारंभिक कार्यों पर भी खर्च होंगे।

- बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में पहला चरण पूरा होने के बाद कानपुर और आगरा में मेट्रो परियोजनाओं को संचालित किया जा रहा है। इसके साथ वाराणसी में भी रोप-वे का काम चल रहा है।
- वहीं, योगी सरकार ने वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, झांसी और मेरठ में भी लाइट मेट्रो का संचालन शुरू करने का प्रस्ताव तैयार कराया है। गोरखपुर में लाइट मेट्रो रेल चलने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तो मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजी जा चुकी है। ब्यूरो